प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु03 / 2024 / 7648 **लखनऊःदिनांक– 08–10–2024**

विषयः– सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024 के परीक्षा परिणाम के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024 का परीक्षा परिणाम अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद / प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा अनुमोदनोपरांत दिनांक 03–10–2024 को घोषित कर दिया गया है। ऐसे छात्र / छात्रा जो अपने प्राप्तांको से संतुष्ट नहीं है वे पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकता है। पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 09–10–2024 निर्धारित है।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि परिषद के संज्ञान में आया है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छात्र / छात्राओं को पास कराने हेतु रूपयों की मांग की जा रही है। ऐसे में आप अपनी संस्था के छात्रों की काउन्सिलिंग कर उन्हें अवगत करायें कि इस तरह के किसी भी कॉल अथवा मैसेज पर ध्यान न दें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह के कॉल अथवा मैसेज करता है तो उसकी रिकार्डिंग कर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध संस्था स्तर पर एफ0आई0आर0 दर्ज कराना सुनिश्चित करें एवं इसकी सूचना परिषद कार्यालय को देने का कष्ट करें।

साथ ही अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को यह भी सूचित करें कि परीक्षा संबंधी यदि कोई समस्या हो तो संस्थान को अवगत करायें जिससे संस्था स्तर पर समस्याएं संकलित कर प्रकरण परिषद कार्यालय को प्रेषित की जा सके, एवं समस्या का निराकरण कराया जा सके। परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या हेतु कोई भी छात्र / छात्रा परिषद कार्यालय में उपस्थित न हो। यदि कोई छात्र / छात्रा परिषद कार्यालय में अनावश्यक रूप से उपस्थित होता है तो संबंधित छात्र के विरूद्ध संस्था स्तर पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

कृपया उपरोक्तानुसार अपने संस्थान के छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु03 / 2024 / 7649–51 **तद्दिनांक– 08–10–2024**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव